षोडश बिहार विधान सभा

नवम् सत्र

दैनिक विवरणिका

बुधवार, दिनांक- 28 फरवरी, 2018 ई० ।

संख्या-03

मान्नीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.02 बजे पूर्वा० तक ।

[1] प्रश्नकाल :-

(i) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(ii) 99 तारांकित प्रश्न अनागत ।

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन से अनुरोध किया गया कि विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपने-अपने स्थान पर जाकर अपनी बातों को कहें ।

किन्तु सदन में शान्ति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 04.20 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[2] महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद-विवाद (दिनांक-27.02.2018 से जारी) एवं सरकार का उत्तर :-

महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव एवं संशोधन प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री रामदेव राय

(इस दौरान अध्यासी सदस्य श्री हरिनारायण सिंह ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री रामानुज प्रसाद

(iii) श्री सत्यदेव राम

(iv) श्री राजू तिवारी

(v) श्री प्रकाश राय

(इस दौरान माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(vi) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय मुख्यमंत्री द्वारा विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर के क्रम में विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बर्हिगमन कर गये ।

तदोपरान्त् सदन द्वारा माननीय नेता, विरोधी दल, श्री तेजस्वी प्रसाद यादव एवं माननीय सदस्य, श्री रामदेव राय का संशोधन प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ और माननीय सदस्य, श्री नरेन्द्र नारायण यादव द्वारा प्रस्तुत मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

आसन से घोषणा हुई कि ''सदस्यगण इस अभिभाषण के लिए महामहिम राज्यपाल के कृतज्ञ हैं ।''

[3] <u>निवेदन</u> :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 15 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

[4] <u>शुभकामना संदेश</u> :-

आसन से सदन को सूचित किया गया कि होली का पर्व आसन्न है किन्तु मुजफ्फरपुर की घटना के परिप्रेक्ष्य में माननीय मुख्यमंत्री सहित सारे जिम्मेवार बिहारवासियों ने होली नहीं मनाने का निर्णय लिया है । फिर भी यह पर्व बुराईयों एवं कटुता को दूर भगाने एवं भाईचारा बढ़ाने का होता है । इस हेतु मैं आप सबों को इस पर्व की शुभकामनायें देता हूँ ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक सोमवार, दिनांक-05 मार्च, 2018 के 10.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-28.02.2018

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।